Postal Registration No. VAL/092/2014-16

संघप्रदेश दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सवेरा इंडिया टाइम्स

भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में शिकंजा कसा, 308 रन की बढ़त हासिल की 7

रसद विभाग की टीम ने जब्त किए 7 फर्मो से 18 सिलेण्डर 2

● संपादक : सतीश शर्मा ● सहायक संपादक : देवेश कटारा ● वर्ष : 24 ● अंक : 181 ● दमण ● 21 सितंबर 2024, शनिवार ● पृष्ठ : 8 ● RNI Reg. No.DDHIN/2000/2588 ● मूल्य : 5 रुपए

सीरी द्वारा विकसित एआई-सक्षम दूध घनत्व प्रणाली और एआई-सक्षम क्षीर स्कैनर का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

सीरी का 72वां स्थापना दिवस 21 सितंबर को, प्रोफेसर चंद्रभास नारायणा, निदेशक, आरजीसीबी होंगे मुख्य अतिथि

पिलानी। सीएसआईआर-सीर ने विगत 16 सितंबर को दो नवीनतम दुग्ध प्रौद्योगिकियों का सफलतापूर्वक हस्तांतरण मेसर्स के आर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज, जयपुर को किया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रो. अचंता वेणु गोपाल, निदेशक, सीएसआईआर-एनपीएल, और डॉ. पी.सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इन प्रौद्योगिकियों में एआई-सक्षम दूध घनत्व प्रणाली और एआई-सक्षम क्षीर स्कैनर शामिल हैं। ये अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सटीकता के साथ डेयरी गुणवत्ता नियंत्रण को बेहतर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। दस्तावेजों का आधिकारिक हस्तांतरण मेसर्स के आर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज, के श्री रवि शिवरायण को किया गया। सीरी द्वारा किया गया यह तकनीकी सहयोग दुग्ध प्रौद्योगिकी में नवाचार के साथ-साथ भारत सरकार के मेक इन इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. मनीष मैथ्यू (प्रमुख, टीबीडी), श्री अशोक चौहान (प्रमुख, आर एंड डी फेसिलिटीज़), श्री साई कृष्ण वड्डादि (प्रभारी वैज्ञानिक, जयपुर परिसर), प्रमोद तँवर, प्रमुख, पीएमई, डॉ विजय चटर्जी, श्री जेएस शरण, जयप्रकाश इंदौरा के साथ संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी दस्तावेज हस्तांतरण प्रक्रिया के अवसर पर उपस्थित थे।

क्या हैं ये प्रणालियाँ.. ? एआई-सक्षम दूध घनत्व प्रणाली और एआई-सक्षम क्षीर स्कैनर दो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां हैं, जिन्हें डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता को सुधारने के लिए विकसित किया गया है। एआई-सक्षम दूध घनत्व प्रणाली दूध की घनत्व का सटीक मापन करती है, जिससे दूध की शुद्धता और गुणवत्ता का आकलन करना आसान हो जाता है। एआई-सक्षम क्षीर स्कैनर दूध में मिलावट की पहचान करने के लिए विकसित किया गया है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके तुरंत मिलावट का पता लगाता है। ये दोनों तकनीकें डेयरी उद्योग को उन्नत गुणवत्ता नियंत्रण समाधान प्रदान करती हैं, जिससे दूध की शुद्धता सुनिश्चित होती है।

सीरी आज मना रहा है अपना 72वां स्थापना दिवस - सीरी 21 सितंबर को अपना 72वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रोफेसर चंद्रभास नारायणा, निदेशक, आरजीसीबी मुख्य अतिथि होंगे तथा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कन्नन श्रीनिवासन, निदेशक, सीएसआईआर-सीएमसीआरआई, भावनगर एवं डॉ ज़बीर अहमद, निदेशक, सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू की गरिमामयी उपस्थिति होगी समारोह की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया करेंगे। स्थापना दिवस पर डॉ पी सी पंचारिया द्वारा संस्थान की उपलब्धियों, वर्तमान शोध गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी तथा सहकर्मियों को सेवा सम्मान दिए जाएंगे। अतिथियों द्वारा वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 का विमोचन भी किया जाएगा और स्थापना दिवस संबोधन दिए जाएंगे।